प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

25 जुलाई 2024

भारतीय रिज़र्व बैंक ने चलनिधि मानकों पर बेसल III ढांचे संबंधी परिपत्र का मसौदा जारी किया – चलनिधि कवरेज अनुपात (एलसीआर) – उच्च गुणवत्ता युक्त चल आस्तियां (एचक्यूएलए) पर हेयरकट की समीक्षा और जमाराशियों की कतिपय श्रेणियों पर रन-ऑफ दरें

भारतीय रिज़र्व बैंक ने आज 'चलनिधि मानकों पर बेसल III ढांचा – चलनिधि कवरेज अनुपात (एलसीआर) – उच्च गुणवत्ता युक्त चल आस्तियों (एचक्यूएलए) पर हेयरकट की समीक्षा और जमाराशियों की कतिपय श्रेणियों पर रन-ऑफ दरें' संबंधी परिपत्र का मसौदा जारी किया। परिपत्र के मसौदे पर बैंकों और अन्य हितधारकों से 31 अगस्त 2024 तक टिप्पणियाँ आमंत्रित की गई हैं।

परिपत्र के मसौदे पर टिप्पणियाँ निम्नलिखित पते पर:

प्रभारी मुख्य महाप्रबंधक
भारतीय रिज़र्व बैंक
विनियमन विभाग
12वीं मंजिल, केंद्रीय कार्यालय भवन
शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट
मुंबई – 400001

या ईमेल द्वारा विषय पंक्ति "एलसीआर ढांचे में संशोधन संबंधी परिपत्र के मसौदे पर टिप्पणी" के साथ भेजी जा सकती हैं।

पृष्ठभूमि

कृपया 5 अप्रैल 2024 को वर्ष 2024-25 के लिए द्वि-मासिक मौद्रिक नीति वक्तव्य के एक भाग के रूप में जारी विकासात्मक और विनियामक नीतियों पर वक्तव्य के पैराग्राफ 3 का संदर्भ लें, जिसमें यह घोषणा की गई थी कि एलसीआर ढांचे में संशोधनों संबंधी परिपत्र का मसौदा सभी हितधारकों की टिप्पणियों के लिए शीघ्र ही जारी किया जाएगा। परिपत्र के मसौदे में किए गए बदलावों का उद्देश्य भारत में बैंकों की अल्पकालिक चलनिधि आघात-सहनीयता को और मजबूत बनाना है।

(पुनीत पंचोली)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2024-2025/770